केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान

राजभाषा अनुभाग

सं.20-05/15/22-राभा. दिनांक- 02/01/2023

कार्यालय ज्ञापन

विषय - विश्व हिन्दी दिवस समारोह 2023 के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम

संस्थान में 10 जनवरी 2023 के उपलक्ष्य में विश्व हिंदी दिवस को गरिमापूर्ण ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया है। विश्व हिन्दी दिवस समारोह 2023 के अंतर्गत संस्थान में पांच दिवसीय विविध राजभाषा गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। समारोह 2023 का विवरण निम्नवत है -

क्र.	अवधि/दिनांक	कार्यक्रम/प्रतियोगिता	आयोजन स्थल
1	09/01/2023, प्रातः 10.00 बजे	विश्व हिन्दी दिवस समारोह 2023 उद्घाटन कार्यक्रम	ऑडिटोरियम
2	09/01/2023 से 13/01/2023	पांच दिवसीय अनुवाद प्रशिक्षण (आउटरीच) कार्यक्रम	प्रशिक्षण कक्ष
3	10/01/2023, शाम 05.00 बजे तक	हिंदी पोस्टर प्रतियोगिता	राजभाषा अनु.
4	10/01/2023, दोपहर 02.00 बजे	जिज्ञासा के अंतर्गत स्कूली बच्चों के लिए कार्यक्रम	ऑनलाइन
5	12/01/2023, दोपहर 02.00 बजे	नराकास के स्तर पर सी-डॉट द्वारा **ऑनलाइन "कथा-कहानी-कहो अपनी जुबानी"** प्रतियोगिता का आयोजन	ऑनलाइन
6	13/01/2023, शाम 04.00 बजे	समारोह 2023 समापन व पुरस्कार वितरण समारोह	ऑडिटोरियम

विश्व हिन्दी दिवस आयोजन 2023 के संबंध में महत्वपूर्ण विवरण, प्रस्ताव आदि निम्नवत हैं –

1. हिंदी पोस्टर प्रतियोगिता के अंतर्गत 'हमारी हिंदी, हमारा गर्व', 'स्वच्छता अभियान' एवं 'सड़क सुरक्षा' विषयों में **किन्हीं दो विषयों** पर ए 4 आकार के **दो रंगीन पोस्टर** दिनांक **10 जनवरी, 2023 शाम 05.00 बजे** तक राजभाषा अनुभाग, कमरा सं. 301 में जमा करने होंगे।

2. प्रतियोगिता को दो वर्गों (हिंदी व हिंदीतर वर्ग) में रखा जाएगा। पोस्टर के पीछे प्रतिभागी अपना नाम, पदनाम, मातृभाषा अपने हाथ से लिखेंगे तथा इनकी सॉफ्टप्रतियां shashank.crri@nic.in पर भेजनी होंगी।

3. हिन्दी पोस्टर प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः रुपए 3000/-, 2500/-, 2000/- एवं 1500/- का पुरस्कार तथा प्रमाणपत्र दिया जाएगा।

4. समापन समारोह में अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों को केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो की ओर से प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को भी, यथास्थिति पुरस्कार दिया जाएगा।

5. अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए नामांकन भेजने की अंतिम तिथि 05 जनवरी, 2023 है। इस तिथि तक राजभाषा अनुभाग में नामांकन भेजना अनिवार्य होगा।

6. 10 जनवरी को 'जिज्ञासा' के अंतर्गत स्कूली बच्चों एवं नराकास, द.दिल्ली 1 के कार्यालयों व स्कूलों के लिए ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसकी जानकारी आईएलटी परिचालित करेगा।

6. पाँच दिन के अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए प्रत्येक प्रभाग/अनुभाग से **दो वरिष्ठ अधिकारियो के नामांकन** के लिए निदेशक महोदय की ओर से इस आशय का निदेश जारी किया जाएगा।

7. अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए **नामांकन भेजने की अंतिम तिथि 05 जनवरी, 2023 है।** इस तिथि तक राजभाषा अनुभाग में नामांकन भेजना अनिवार्य होगा।

जारी 2

सभी अनुभागीय/प्रभागीय प्रमुखों से अनुरोध है कि विश्व हिन्दी दिवस 2023 आयोजन के दौरान उपरोक्त प्रतियोगिताओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कार्मिकों को प्रोत्साहित करें एवं प्रतिभागिता की जानकारी यथाशीघ्र भिजवाएँ। अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए नामांकन भेजने की अंतिम तिथि 05.01.23 है। यह निदेशक महोदय के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

02.01.2023
(सजय चौधरी)
हिन्दी अधिकारी

प्रतिलिपि –

1. निदेशक महोदय का कार्यालय – सूचनार्थ
2. प्रशासन नियंत्रक का कार्यालय – सूचनार्थ
3. प्रशासन अधिकारी का कार्यालय – सूचनार्थ
3. सभी अनुभागीय/प्रभागीय प्रमुख – व्यापक परिचालन एवं अनुभाग/प्रभाग से नामांकन भेजने हेतु
4. प्रमुख, आईएलटी – प्रशिक्षण कक्ष की उपलब्धता, मल्टीमीडिया, फोटो, ऑनलाइन जिज्ञासा कार्यक्रम आदि में सहयोगार्थ
5. प्रभागीय प्रमुख, ईएसडी – प्रशिक्षण कक्ष की उपलब्धता
6. प्रभागीय प्रमुख, सीसीएन – वेबसाइट, इंट्रानेट व ईडीबी पर प्रदर्शन हेतु
7. प्रमुख, बागवानी – प्रशिक्षण कक्ष व ऑडिटोरियम में पौधे रखने आदि हेतु
8. सभी सूचना पट्ट